 Roll No................

MASL-104

नाटक एवं नाट्यशास्त्र

एम0ए0 संस्कृत (एमएएसएल - 12/16/17)

प्रथम वर्ष, सत्र 2019

समय 3 घंटा **पूर्णांक: 80**

नोट: यह प्रश्न पत्र अस्सी (80) अंकों का है जो तीन (3) खण्डों क, ख, और ग में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों को हल करना हैं।

खण्ड-क

(दीर्घ उत्तरों वाले प्रश्न)

नोट: खण्ड 'क' में चार (4) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिए गये है प्रत्येक प्रश्न के लिए उन्नीस (19) अंक निर्धारित है, शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (2) प्रश्नों के उत्तर देने है।

1. भरतमुनि प्रणीत नाट्यशास्त्र पर निबन्ध लिखिए।
2. नाट्यशास्त्र के प्रथम अध्याय के पूर्वार्द्ध में क्या वर्णन किया गया है? वर्णित तथ्यों का समीक्षात्मक उल्लेख कीजिए।
3. नाट्यमण्डप का स्वरूप बताते हुए उसकी विशेषताएँ लिखिए।
4. नाट्यशास्त्र प्रथम अध्याय के उत्तरार्द्ध में उल्लिखित प्रमुख तथ्यों का सोदाहरण वर्णन कीजिए।

खण्ड-ख

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोटः खण्ड 'ख' में आठ (8) लघु उत्तरीय प्रश्न दिए गये हैं प्रत्येक प्रश्न के लिए आठ (8) अंक निर्धारित है, शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (4) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

निम्नलिखित में से किन्हीं चार पर टिप्पणी लिखिए।

1. नान्दी का लक्षण और विशेषता
2. रंगपीठ का स्वरूप
3. नाटक एवं प्रकरण
4. उपरूपक - नाटिका
5. नृत्य तथा नृत्त
6. मुख सन्धि
7. गर्भ सन्धि
8. नायक का स्वरूप

खण्ड–ग

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

नोटः खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिए गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (1) अंक निर्धारित है, इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्य में दीजिए

1. उत्तर रामचरितम् नाटक है या प्रकरण?
2. दशरूपक नाम क्यों रखा गया है?
3. उत्तर रामचरितम् के रचयिता कौन हैं?
4. कौशल्या जनक योग किस नाटक में है?
5. करूण रस को ही एकमात्र रस किसने माना है?
6. काव्यशास्त्र के किस ग्रन्थ के लेखक विश्वनाथ हैं?
7. नाटक में कितनी सन्धियाँ हाती हैं?

8. नाट्य गृह की रचना में लकड़ी की कारीगरी को कौन सा कर्म कहा गया है?

9. स्नेहं दयां च सौख्यं च, यदि वा जानकीमपि यह उक्ति किस नाटक में पायी जाती है?

10. शंकुक किस सम्प्रदाय के आचार्य हैं?

******